सैलाना के पास कल्याण केदारेश्वर घाट पर तेल से भरे ट्रक में भीषण आग

रतलाम जिले के सैलाना सरवन घाट पर शुक्रवार रात करीब 11 बजे तेल से भरे एक ट्रक में अचानक भीषण आग लग गई। बताया जा रहा है कि ट्रक राजस्थान से रतलाम की ओर आ रहा था। आग लगते ही घाट क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चलते ट्रक से अचानक धुआं उठता दिखाई दिया, जिसके बाद कुछ ही मिनटों में आग ने पूरी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। तेल से भरा ट्रक होने के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया, जिससे राहत-बचाव कार्य में काफी मशक्कत करनी पड़ी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार किसी जनहानि की खबर नहीं है, हालांकि ट्रक पूरी तरह जलकर खाक हो गया। एहतियात के तौर पर प्रशासन ने कुछ समय के लिए यातायात रोक दिया था। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

नगर में त्योहारों को लेकर पुलिस सख्त, गुंडा तत्वों को थाने बुलाकर दी कड़ी चेतावनी

सैलाना।आगामी होली, धुलेंडी और रमजान पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। गुरुवार को सैलाना थाना परिसर में थाना क्षेत्र के चिन्हित गुंडा तत्वों और असामाजिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों को तलब किया गया। पुलिस ने स्पष्ट शब्दों में समझाइश देते हुए कहा कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अशांति, विवाद या आपसी सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान संबंधित व्यक्तियों से डोजियर फार्म भरवाए गए तथा उनके पूर्व रिकॉर्ड की भी समीक्षा की गई। थाना प्रभारी टीआई पिंकी आकाश ने कड़े शब्दों में निर्देश दिए कि सभी चिन्हित गुंडा तत्व प्रत्येक माह थाने में उपस्थित होकर अपनी नियमित हाजिरी दर्ज कराएं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी ने शांति व्यवस्था भंग करने या कानून व्यवस्था को चुनौती देने का प्रयास किया तो उसके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जाएगा। टीआई ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य त्योहारों को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराना है, ताकि आमजन बिना भय के अपने-अपने पर्व मना सकें। उन्होंने सभी से आपसी भाईचारा बनाए रखने और कानून का पालन करने की अपील की। **-फ्लैग मार्च निकाला** देर शाम अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नीलम बघेल के नेतृत्व मेंटीआई पिंकी आकाश ओर थाना स्टाफ द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया जो बस स्टैंड,देवरीचौक,शेखजी मोहल्ला,राजवाड़ा चौक,गणेश मंदिर,मस्जिद चौराहा से गुजरते हुए थाने पहुंचा। इस अवसर पर एसआई वीरसिंह देवड़ा, एएसआई सीताराम तेनीवार, हितेंद्र सिंह परिहार, प्रधान आरक्षक संदीप भदौरिया, अनिरुद्ध सिंह, नरेंद्र सिंह झाला, निरंजन त्रिपाठी, आरक्षक फकीर चंद्र सोलंकी, तूफान भूरिया, टीना सोलंकी सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।

पर्यटन नगरी मांडव में घर घर तक पहुँच रहा है माँ नर्मदा का जल

धार। ऐसी किवदंती है कि रानी रूपमती अपने महल से मध्यप्रदेश की जीवन रेखा नर्मदा नदी के दर्शन किया करती थीं। आज उसी ऐतिहासिक धरा मांडव में नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी द्वारा हर घर तक माँ नर्मदा का स्वच्छ पेयजल पहुंचाने की दिशा में एक नई ऐतिहासिक उपलब्धि स्थापित की गई है। गौरतलब है कि एशियन डेवलपमेंट बैंक के सहयोग से मध्य प्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी इकाई इंदौर के अंतर्गत संचालन एवं संधारण अवधि के दौरान मांडव जल प्रदाय परियोजना का कुशल संचालन निरंतर जारी है। इस परियोजना के अंतर्गत धरमपुरी जल शोधन संयंत्र से दो चरणों में पानी को लिफ्ट करते हुए लगभग 30 किलोमीटर दूर स्थित मांडव तक पेयजल पहुँचाया जा रहा है, जिससे पर्यटन नगरी में नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। धरमपुरी स्थित 2.4 एमएलडी क्षमता वाले जल शोधन संयंत्र से मांडव तक जल पहुँचाने के लिए लगभग 550 मीटर की ऊँचाई तक पानी लिफ्ट किया जाता है, जो तकनीकी दृष्टि से एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस परियोजना के माध्यम से मांडव कस्बे के 1968 घरों सहित यहाँ आने वाले पर्यटकों को भी स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। कंपनी के प्रबंध संचालक संकेत भोंडवे ने कहा कि पर्यटन नगरी मांडव में सुरक्षित एवं सतत पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करना विभाग की प्राथमिकता रही है। उन्होंने बताया कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और ऊँचाई वाले क्षेत्र में जल पहुँचाना तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण था, जिसे सफलतापूर्वक पूरा किया गया है। यह परियोजना न केवल स्थानीय नागरिकों को सुविधा प्रदान कर रही है, बल्कि पर्यटन विकास को भी नई गति दे रही है। यह परियोजना क्षेत्र के निवासियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के साथ-साथ ऐतिहासिक एवं पर्यटन महत्व वाले मांडव में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ कर सतत शहरी विकास की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

समग्र कल्याण शिविर कार्यक्रमों का समापन

शाजापुर, निप्र। वृद्धजनों के स्वास्थ्य संवर्धन और सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वृद्धजन सेवा निकेतन, बापु कि कुटिया के पास लालघाटी में गतिज एवं मानसिक कौशल सुधार कार्यक्रम अंतर्गत दो दिवसीय शिविर का समापन हुआ। जिला आयुष अधिकारी डॉ. गिर्राज बाथम ने बताया कि शिविर में 42 वृद्धजनों को वृद्धावस्था में होने वाली शारीरिक एवं मानसिक व्याधियों के बारे में परामर्श दिया गया एवं स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईया वितरीत की गई। शिविर में आयुष विभाग से डॉ. दिनेश गुर्जर, डॉ. सीमा बड़िया, डॉ. दिव्या दुबे, डॉ. प्रियंका टेवा एवं पैरामेडिकल स्टॉफ से बी.एस. हनोतिया आदित्य निगम, अशोक चौधरी, अश्विनी जिरोनिया, रईस मंसूरी, श्रीमति गीता शाक्य, दिनेश पंवार आदि उपस्थित थे।

धार के बहुचर्चित सेंट टेरेसा जमीन घोटाला का मामले में फरार मुख्य आरोपी सुधीर जैन इंदौर से गिरफ्तार

धार से ज्ञानेंद्र त्रिपाठी -धार के बहुचर्चित सेंट टेरेसा जमीन घोटाला का मामले में फरार मुख्य आरोपी सुधीर जैन को इंदौर से पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उक्त आरोपी विगत 4 साल से फरार था। आरोपी पर 10,000/- का इनाम घोषित था। विश्वसनीय मुखबिर सूचना, तकनीकी साधनों तथा सतत निगरानी के आधार पर पुलिस टीम द्वारा योजनाबद्ध कार्यवाही कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया।

घटना का संक्षिप्त विवरण- थाना नौगांव में अपराध क्रमांक 142/2022 धारा 409, 420, 467, 468, 471, 120-बी भादवि के अंतर्गत पंजीबद्ध है। विवेचना में यह तथ्य सामने आया कि सर्वे नंबर 770, रकबा 0.493 हेक्टेयर शासकीय भूमि, जिसे ऐतिहासिक रूप से निशुल्क की महिला अस्पताल संचालन हेतु स्वीकृत किया गया था, उसके संबंध में कूटरचित अभिलेख तैयार कर अवैध रूप से नामांतरण, सेल डीड तथा विक्रय के कूटरचित अभिलेख शासकीय अभिलेखों में प्रविष्ट कर, अवैध लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से भूमि हस्तांतरण की साजिश रची गई। आरोपी सुधीर जैन की भूमिका सहआरोपियों के साथ मिलकर भूमि लेने-देन एवं षड्यंत्र में प्रमुख रूप से पाई गई। उप पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक धार श्री मनोज अवस्थी द्वारा जिले के विभिन्न प्रकरणों में लंबे समय से फरार चल रहे उद्घोषित फरार आरोपियों की धरपकड़ हेतु उचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। इसी तारतम्य में नगर पुलिस अधीक्षक धार श्री सुबोध जामा (भा.पु.से.) के नेतृत्व में थाना नौगांव के अपराध क्रमांक 142/2022 धारा 409, 420, 467, 468, 471, 120-बी भादवि में घटना दिनांक से फरार चल रहे 10,000/- रुपये के फरार उद्घोषित आरोपी सुधीर जैन की गिरफ्तारी हेतु सायबर सेल प्रभारी अनी प्रशांत गुर्जल को निर्देशित किया गया था।

आज दिनांक 27.02.2026 को अनी प्रशांत गुर्जल को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि थाना नौगांव के अपराध में फरार उद्घोषित आरोपी सुधीर पिता शांतीलाल जैन निवासी धार का दूसरी नगर इंदौर में रुकना हुआ है। उक्त सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया। सायबर प्रभारी के नेतृत्व में टीम द्वारा मुखबिर द्वारा बताए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी की जहां पर एक व्यक्ति दिखाई दिया जो थाना नौगांव का फरार उद्घोषित आरोपी सुधीर पिता शांतीलाल जैन निवासी धार था। जिसे अभिरक्षा में लिया गया। गिरफ्तार आरोपी से अन्य दस्तावेज, आर्थिक लेन-देन एवं अन्य सहयोगियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी संकलित की जा रही है।

सराहनीय कार्य :- उक्त कार्यवाही में सायबर सेल प्रभारी अनी प्रशांत गुर्जल व सायबर सेल धार टीम के प्रआर. सर्वेशसिंह सोलंकी, प्रआर. बलराम भंवर, आर. प्रशांत सिंह चौहान, आर. दिलीप यादव, आर. भानुप्रतापसिंह, आर. मनीष पाल, आर. शुभम सिंह जादौन, आर. रोहित नरगावे का विशेष योगदान रहा।

अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की 95वीं पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव होंगे शामिल

मुख्यमंत्री 171.19 करोड़ की लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे

आलीराजपुर, । अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की 95वें शहादत दिवस के अवसर पर जिले में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस अवसर पर जिले के प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री सर्वप्रथम आजाद स्मृति मंदिर पहुंचकर अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके उपरांत मुख्य कार्यक्रम मण्डी प्रांगण, चन्द्रशेखर आजाद नगर में आयोजित होगा, जहां मुख्यमंत्री उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करेंगे।

ज्ञातव्य है कि अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद का जन्म 23 जुलाई 1906 को मध्यप्रदेश के भाबरा ग्राम में हुआ था। उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अद्वितीय साहस और त्याग का परिचय दिया। 27 फरवरी 1931 को प्रयागराज के अल्फ्रेड पार्क में पुलिस से घिर जाने पर उन्होंने वीरतापूर्वक मुकाबला किया और अंतिम क्षण तक संघर्ष करते हुए अंग्रेजों के हाथों गिरफ्तार न होने का संकल्प निभाया। उनका जीवन राष्ट्रभक्ति, साहस और आत्मसम्मान का प्रेरणास्रोत है। मुख्यमंत्री 171.19 करोड़ रुपये की लागत के भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कर-कमलों द्वारा विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया जाएगा। इस अवसर पर कुल 79.92 करोड़ रुपये लागत के 14 कार्यों का लोकार्पण तथा 119.02 करोड़ रुपये लागत के 35 कार्यों का भूमिपूजन किया जाएगा। इस प्रकार कुल 171.19 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं को जिलेवासियों को समर्पित किया जाएगा, जिससे क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति प्राप्त किया जाएगा।

उदयगढ़ भगोरिया में सम्मिलित होंगे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव- प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उदयगढ़ में आयोजित पारंपरिक भगोरिया उत्सव में सम्मिलित होंगे। मुख्यमंत्री उत्सव स्थल पर पहुंचकर क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं देंगे, लोक संस्कृति का अवलोकन करेंगे तथा जनजातीय समाज के प्रतिनिधियों से संवाद भी करेंगे। भगोरिया पर्व सदियों से आदिवासी समाज की परंपराओं को संजोए हुए है। यह पर्व आपसी प्रेम,भाईचारा और सामाजिक समरसता का संदेश देता है। यह उत्सव ग्रामीण अंचलों में फसल कटाई के बाद मनाया जाता है। भगोरिया हाट में शामिल होने के लिए गुजरात और अन्य राज्यों में कामकाज के लिए गए आदिवासी परिवार एक सप्ताह पूर्व से अपने घर लौट आते हैं। हाट से पहले युवक-युवतियां जूते-चप्पल, श्रृंगार सामग्री और नए वस्त्रों की खरीदारी करते हैं तथा पारंपरिक और आकर्षक वेशभूषा में सजकर भगोरिया मेले में शामिल होते हैं। मांदल की थाप, लोकगीतों की मधुर स्वर लहरियां तथा रंग-गुलाल से सराबोर वातावरण पूरे क्षेत्र को उत्सवमय बना देता है। रंग-बिरंगी पारंपरिक वेशभूषाएं,झूलो और पारंपरिक सामग्रियों की दुकानें भगोरिया की पहचान हैं। इस दिन बड़ी संख्या में ग्रामीण जन टोलिया बना कर मांदल की थाप पर थिरकते हुए भगोरिया मेले में शिरकत करते है। इस दिन बिना किसी भेदभाव के लोग एक-दूसरे के साथ खुशियां बांटते हैं। इस भव्य उत्सव पर प्रदेश और देश के विभिन्न हिस्सों से पर्यटक भी पहुंचते हैं। यह पर्व जनजातीय जीवन शैली, परंपरागत कला एवं लोक विरासत के संरक्षण का सजीव उदाहरण है। मुख्यमंत्री का यह प्रवास न केवल सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति सम्मान का प्रतीक है, बल्कि जनजातीय समाज के साथ सरकार की आत्मीयता और प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।

जिला स्तर पर हेंड्स ऑन प्रशिक्षण संपन्न

शाजापुर, निप्र। जिले के गुलाना अनुभाग का नया एसडीएम कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने प्रशासनिक कार्यव्यवस्था की दृष्टि से डिप्टी कलेक्टर सुश्री नेहा गंगारे को अनुविभाग गुलाना अन्तर्गत अनुविभागीय अधिकारी एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी नियुक्त किया हैं।

डिप्टी कलेक्टर सुश्री गंगारे को जिला कार्यालय अन्तर्गत सौंपे गये कार्यों के साथ-साथ अनुविभाग गुलाना अन्तर्गत अनुविभागीय अधिकारी एवं दण्डाधिकारी के समस्त कार्य तथा समय समय पर सौंपे गये अन्य कार्य सम्पादित करेंगी।

डिप्टी कलेक्टर सुश्री गंगारे गुलाना एसडीएम नियुक्त

शाजापुर, निप्र। सैलाना अनुभाग का नया एसडीएम कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने प्रशासनिक कार्यव्यवस्था की दृष्टि से डिप्टी कलेक्टर सुश्री नेहा गंगारे को अनुविभाग गुलाना अन्तर्गत अनुविभागीय अधिकारी एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी नियुक्त किया हैं।

डिप्टी कलेक्टर सुश्री गंगारे को जिला कार्यालय अन्तर्गत सौंपे गये कार्यों के साथ-साथ अनुविभाग गुलाना अन्तर्गत अनुविभागीय अधिकारी एवं दण्डाधिकारी के समस्त कार्य तथा समय समय पर सौंपे गये अन्य कार्य सम्पादित करेंगी।

केंद्रीय मंत्री ने 107 करोड़ की लागत से सागौर एवं मानपुर के दो रेलवे ओवर ब्रिज जनता को किये समर्पित

धार । लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत इंदौर-दाहोद नई रेल लाइन परियोजना में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में सागौर एवं मानपुर स्थित ब्रिज क्रमांक 234 ए एवं 221 ए के दो रेलवे ओवर ब्रिजों का लोकार्पण कर उन्हें जनता की सेवा में समर्पित किया गया। लगभग 107 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इन दोनों ओवर ब्रिजों का निर्माण कार्य पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल द्वारा सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया है।

इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती सावित्री ठाकुर ने कहा कि ये ओवर ब्रिज क्षेत्र की जनता को सुरक्षित, सुगम एवं निर्बाध आवागमन की सुविधा प्रदान करेंगे। लंबे समय से क्षेत्रवासियों की यह मांग थी, जो आज पूर्ण हुई है। उन्होंने बताया कि कुछ दिवस पूर्व ही उन्होंने इंदौर-दाहोद नई रेल लाइन के प्रगतिरत कार्यों का विशेष ट्रॉली में बैठकर विस्तृत निरीक्षण किया था तथा अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि निर्माण कार्य समय-सीमा में एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए। आज इन ओवर ब्रिजों का लोकार्पण उसी प्रतिबद्धता का परिणाम है। केंद्रीय राज्यमंत्री श्रीमती ठाकुर ने उपस्थित जनसमुदाय को विश्वास दिलाया कि शीघ्र ही लोकसभा क्षेत्र के नागरिकों को रेलवे परिवहन की सीधी सुविधा मिलने जा रही है। रेल संपर्क प्रारंभ होने से आदिवासी अंचल में व्यापार, शिक्षा, रोजगार एवं स्वास्थ्य सेवाओं के नए अवसर विकसित होंगे और क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।केंद्रीय राज्यमंत्री श्रीमती ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का स्पष्ट संकल्प है कि आदिवासी अंचलों में विकास कार्य सर्वांगीण रूप से निरंतर चलते रहें। सड़क, रेल, बिजली, पानी और अन्य आधारभूत संरचनाओं का सुदृढ़ीकरण विकसित भारत के निर्माण की आधारशिला है। केंद्र सरकार अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सागौर एवं मानपुर के ये ओवर ब्रिज केवल यातायात की सुविधा नहीं, बल्कि क्षेत्र के उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक हैं। आने वाले समय में लोकसभा क्षेत्र में और भी विकास कार्यों को गति दी जाएगी, जिससे क्षेत्र समग्र प्रगति की ओर अग्रसर हो सके।

संत सिंगाजी मंदिर की पार्किंग भूमि पर अतिक्रमण का आरोप ,दो माह बाद फिर गरजे ग्रामीण

इंदौर समाचार सेवकराम चौबे - कसरावद तहसील अंतर्गत ग्राम बलखड़ स्थित संत श्री सिंगाजी महाराज के चरण पादुका स्थल एवं मंदिर की पार्किंग भूमि पर अवैध अतिक्रमण किए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने शुक्रवार को एक बार फिर एसडीएम, तहसीलदार एवं वन विभाग को शिकायत सौंपकर कार्रवाई की मांग की,ग्रामीणों ने बताया कि करीब दो माह पूर्व भी तहसील कार्यालय में इस संबंध में शिकायत की गई थी,लेकिन उस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

आरोप है कि कुछ लोगों द्वारा रात के समय जेसीबी मशीन से पेड़ों की कटाई कर मंदिर की पार्किंग भूमि पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि संत सिंगाजी महाराज का चरण पादुका स्थल क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां वर्ष में कई बड़े धार्मिक आयोजन होते हैं। ऐसे में पार्किंग स्थल की भूमि पर अतिक्रमण से भविष्य में अव्यवस्था और विवाद की स्थिति बन सकती है,शुक्रवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण तहसील कार्यालय पहुंचे और प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे,अब प्रशासन की कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हैं, ताकि धार्मिक स्थल की भूमि सुरक्षित रह सके और गांव में शांति व्यवस्था बनी रहे।

अमर शहीद चन्द्र शेखर आजाद के शहादत दिवस पर मुख्यमंत्री का प्रस्तावित आगमन 27 फरवरी को

आलीराजपुर । अमर शहीद चंद्र शेखर आजाद की 95वीं शहादत दिवस पर चंद्र शेखर आजाद नगर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां अंतिम चरण में है। गुरुवार को अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान एवं कलेक्टर नीतू माथुर ने सभा स्थल का विस्तृत निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान आजाद कुटिया,हेलीपेड से आजाद कुटिया तक पहुँच मार्ग का बारीकी से अवलोकन किया। इसके पश्चात उन्होंने आजाद कुटिया से मुख्य सभा स्थल तक व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मंत्री श्री नागर सिंह चौहान ने मंच निर्माण, बैठक व्यवस्था, हितलाभ वितरण कार्यक्रम, लोकार्पण एवं भूमिपूजन गतिविधियों सहित सुरक्षा प्रबंधों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री के आगमन में किसी भी प्रकार की कमी न रहे और सभी व्यवस्थाएँ निर्धारित समयसीमा में पूर्ण की जाएँ। कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने कार्यक्रम स्थल पर आवागमन की सुगम व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पेयजल उपलब्धता, पार्किंग व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा एवं अन्य नागरिक सुविधाओं की समुचित तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती संघ मित्रा, अनुविभागीय अधिकारी श्री वीरेंद्र बघेल, सुश्री निधि मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

पंपावती नदी पुल निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप

झाबुआ। मध्यप्रदेश सरकार पुल और सड़क निर्माण पर लाखों.करोडों रुपये खर्च करती है ताकि आमजन का आवगमन सुगम होएलेकिन ठेकेदार व विभाग के जिम्मेदारों के सदभावना के चलते शासन की मंशा पर पानी फेर रहे हैएऐसा ही एक मामला झाबुआ जिले में सामने आया हैएजहां एक करोड़ चालीस लाख रुपये की लागत से बनाए जा रहे पुल निर्माण में ग्रामीणों घटिया सामग्री का उपयोग करने का आरोप लगाया है।

मंत्री ने गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के लिए निर्देशित किया था-दरअसल आजादी के सात दशक बीत जाने के बाद ग्राम अनंतखेड़ी ग्रामीणों के लंबे इंतजार के बाद पंपावती नदी पर पुल निर्माण के लिए 1 करोड़ 40 लाख रुपये से ज्यादा राशि स्वीकृत की गई। जिसके बाद कैबिनेट मंत्री और क्षेत्रीय विधायक निर्मला भूरिया ने विधिवत पुल निर्माण का भूमिपूजन किएएसाथ ही पुल निर्माण ठेकेदार से

गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के लिए निर्देशित किया थाए उस समय गुणवत्ता से समझौता न करने की बात कही गई थी। जैसे ही ठेकेदार ने पुल निर्माण का कार्य शुरु हुआएवैसे ही क्वालिटी और गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे है।

साठ गांठ के चलते हो रहा है घटिया निर्माण कार्य- झाबुआ जिले के ग्राम अनंतखेड़ी में पंपावती नदी पर बन रहे पुल के निर्माण को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में घटिया सामग्री के उपयोग का आरोप लगाते हुए काम का विरोध किया है। उन्होंने विभाग के जिम्मेदार व ठेकेदार के साठ गांठ के चलते हो रहा है घटिया निर्माण कार्य के गंभीर आरोप लगाए हैं।

सीमेंट कमए डस्ट ज्यादा इस्तेमाल करने का आरोप

ग्राम अनंतखेड़ी के सरपंच राजू भाभर और स्थानीय पंच निर्माण स्थल पर पहुंचे और काम पर आपत्ति जताई। ग्रामीणों का कहना है कि कंक्रीट में सीमेंट की मात्रा कम डाली जा रही है और गिट्टी की जगह धूल भरी डस्ट का उपयोग हो रहा है। ग्रामीणों ने पुल निर्माण मटेरियल में धुल भरी डस्ट व कम मात्रा में सीमेंट डालने का आरोप लगाया है। वही ग्रामीण यांत्रिकी विभाग एसडीओ पेटलावद से ग्राम पंचायत के सरपंच राजू भाभर ने मोबाईल पर पुलिया निर्माण कार्य की शिकायत दर्ज कराई तो एसडीओ ने मोबाईल पर कहा की धुल भरी डस्ट से कार्य नहीं किया जा सकता है।